तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 21 दिसम्बर 2023

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



2 जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे निर्माण कार्य में भारी गड़बड़ी




## खबर संक्षेप

### नगर के रवि मिश्रा सीएम के ओएसडी किए गए नियुक्त

**बिश्रामपुर।** कोयलांचल बिश्रामपुर निवासी आरंभ से मेधावी रहे युवा डॉ रविकांत मिश्रा को छत्तीसगढ़ के



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का विशेष कर्तव्य अधिकारी (ओएसडी) नियुक्त किया गया है। तेज तर्रार व विनम्र कार्य व्यवहार छवि के धनी रवि पूर्व में तत्कालीन प्रेमनगर विधायक रेणुका सिंह के निज सचिव एवं नगर पंचायत बिश्रामपुर में एल्डरमैन के दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं। उनके नियुक्ति से कोयलांचल में हर्ष व्याप्त है। श्री मिश्रा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर के सेवानिवृत व्याख्याता रतिपाल मिश्रा के सुपुत्र हैं।

### गीता जयंती पर मालवीय मिशन की संगोष्ठी 24 को

**अम्बिकापुर।** गीता जयंती पर महामना मालवीय मिशन द्वारा गांधी स्टेडियम स्थित भारतेंदु भवन में 24 दिसम्बर को सायं 6 बजे गीता का पाठ एवं अध्यात्मिक संगोष्ठी तथा 25 दिसम्बर को मालवीय जयंती पर शाम 4 बजे राष्ट्र उत्थान में मालवीय जी के योगदान विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। गोष्ठी उपरांत साहित्यकार पाठ करेंगे।

### नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित हुआ संभागायुक्त कार्यालय

**अंबिकापुर।** सरगुजा संभागायुक्त श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी ने पत्र जारी कर बताया है कि सरगुजा संभाग आयुक्त कार्यालय जो पूर्व में स्कूल रोड गुरूनानक चौक के समीप संचालित हेता था। दिसम्बर माह 2023 के प्रथम सप्ताह से प्रतापपुर रोड सरगवां के नवीन भवन में आयुक्त कार्यालय सरगुजा संभाग से संचालित होना प्रारंभ हो गया है। उन्होंने भविष्य में गोपनीय, अर्ध्दशासकीय एवं सभी प्रकार के पत्राचार आयुक्त कार्यालय सरगुजा संभाग प्रतापपुर रोड, सरगवां के पते पर प्रेषित करने कहा है।

### फर्जी पोर्टल पर जारी कर रहे जन्म-मृत्यु पंजीयन

अंबिकापुर। जिला रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु तथा जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी ने बताया कि रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया के पत्र द्वारा संज्ञान में लाया गया है कि वर्तमान में जन्म-मृत्यु ऑनलाईन पंजीयन हेतु अधिकृत वेब पोर्टल से मिलते-जुलते कई फर्जी पोर्टल से फर्जी तरीके से जन्म-मृत्यु का पंजीयन कर प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है। उन्होंने आयुक्त एवं रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) नगरपालिक निगम, संयुक्त संचालक एवं रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) शासकीय मेडिकल कॉलेज, समस्त अतिरिक्त जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं सीईओ जनपद, समस्त रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं सीएमओ तथा रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं बीएमओ को पत्र जारी कर किसी भी फर्जी पोर्टल के माध्यम से किसी के द्वारा भी जन्म-मृत्यु के पंजीयन कर प्रमाण पत्र जारी किये जाने की जानकारी प्राप्त होते ही जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) को अवगत कराये जाने तथा आम नागरिकों को उक्त पोर्टल के माध्यम से पंजीयन नहीं करने हेतु जागरूक करने की कार्रवाई करने कहा है।

### कार्रवाई व समझाइश का भी नहीं होता है असर

# रिंग रोड व गौरव पथ को भारी वाहनों के कब्जे से नहीं मिल रही मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रशासन की समझाइस व कार्रवाई के बाद भी रिंग रोड को भारी वाहनों के कब्जे से मुक्ति नहीं मिल पा रही है। रिंग रोड किनारे गैरेज संचालन व भारी वाहनों की पार्किंग के कारण आधी से अधिक सड़क पर कब्जा है। ऐसे में रिंग रोड पर चलने वालों को खासी परेशानियों का समाना करना पड़ता है। वर्तमान में भी ननि व जिला प्रशासन की समझाइस का कोई असर नजर नहीं आ रहा है और सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लोगों के लिए मुसीबत का कारण बन रही है।

दरअसल शहर के भीतर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने के साथ ही सुरक्षित आवागमन के लिए रिंग रोड का निर्माण किया गया है। 11 किलोमीटर के रिंग रोड पर 78 करोड़ रुपए खर्च कर सीसी सड़क बनाने के साथ ही सड़कों की चौड़ाई बधाई गई थी ताकि इस रिंग रोड पर भारी वाहनों का आवागमन हो सके और दुर्घटनाओं में कमी आए। शहर में यातायात के दबाव को कम करने के लिहाज से बनाए गए रिंग रोड पर निर्माण के बाद से ही भारी वाहनों और गैरेज संचालकों का कब्जा जमा हुआ है। रिंग रोड किनारे बड़े पैमाने पर गैरेज संचालित है। इन गैरेज में बड़ी संख्या में बस, ट्रक, ट्रैक्टर, पिकअप बनने के लिए आते है और भारी वाहनों को बनाने का काम भी रिंग रोड पर खड़े कर ही बनाया जाता है। ऐसे में रिंग रोड पर हर समय भारी वाहनों का कब्जा होता है। वाहनों को सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़ा कर बनाने का काम किया जाता है। इसके साथ ही रिंग रोड पर वाहन चालकों द्वारा बेतरतीब ढंग से वाहनों की पार्किंग कर दी जाती है जिससे भी सड़क पर कब्जा हो जाता है और आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। रिंग रोड को कब्जा मुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम व पुलिस टीम द्वारा समय समय पर अभियान चलाया जाता है और वाहनों पर कार्रवाई भी की जाती है लेकिन कार्रवाई और समझाइस के बाद भी स्थिति में कोई सुधार होता नजर नहीं आ रहा है। हाल ही में कलेक्टर कुंदन कुमार ने भी स्वयं रिंग रोड का निरीक्षण किया जिसके बाद उन्होंने रिंग रोड पर किए गए कब्जे को हटाने के निर्देश दिए थे लेकिन फिलहाल वाहन चालकों व गैरेज संचालकों को समझाइस देकर छोड़ दिया गया है ऐसे में देखना यह है कि आने वाले समय में स्थिति में कितना परिवर्तन आता है।

**खास बात**

- सड़क पर कब्जा होने से लोगों की बढ़ी परेशानी



रिंग रोड पर खड़े ट्रक।

#### फुटपाथ पर भी कब्जा

रिंग रोड पर भारी वाहनों का कब्जा तो है ही इसके साथ ही रिंग रोड के किनारे पैदल चलने वालों के लिए बनाए गए फुटपाथ पर भी लोगों का कब्जा हो गया है। रिंग रोड किनारे फुटपाथ पर जगह जगह ठेले गुमटी संचालित हो रहे है। इसके साथ ही शेष बचे फुटपाथ पर दुकान संचालकों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। वहीं कई स्थानों पर फुटपाथ व नाली के उपर लोगों द्वारा पार्किंग भी की जा रही है। ऐसे में फुटपाथ लोगों के चलने योग्य ही नहीं बचा है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि निर्माण के दौरान फुटपाथ को लेकर विभाग द्वारा भी गंभीरता से नहीं लिया गया और कई स्थानों पर फुटपाथ अपने स्वरुप में नहीं आ पाया है। नालियों के ऊपर स्लैब ढालकर छोड़ दिया गया और पेवर ब्लॉक नहीं लगाए गए।

#### गौरव पथ भी बस पार्किंग का ठिकाना

शहर के रिंग रोड के साथ ही गौरव पथ भी भारी वाहनों के कब्जे में है। शहर के अंदर बाबूपारा गुरुद्वारा से बस स्टैंड के बीच गौरव पथ का निर्माण किया गया था। गौरव पथ निर्माण के साथ ही बस पार्किंग का ठिकाना बना हुआ है। गौरव पथ पर बड़ी संख्या में बसें खड़ी की जाती है। बसों को 12 से 24 घंटे तक गौरव पथ पर खड़ा रखा जाता है। इस दौरान बसों के मरम्मत, धुलाई का कार्य भी सड़क पर ही किया जाता है जिससे गौरव पथ को नुकसान पहुंच रहा है। बड़ी बात यह है कि अब गौरव पथ किनारे ही अग्नि शमन विभाग संचालित हो रहा है जहां से प्रतिदिन सूचनाओं के आधार पर आग पर काबू पाने के लिए तेज गति से दमकल वाहनें निकलती है वहीं भविष्य में गौरव पथ किनारे नगर निगम का कार्यालय भी बनकर तैयार हो जाएगा ऐसे में लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

#### दी गई है समझाइश

रिंग रोड व सड़कों से कब्जा हटाने के लिए समझाइस दी गई है। समझाइस के बाद भी यदि स्थिति नहीं सुधरती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-फागेश सिन्हा
एसडीएम

# ट्रक ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, एक की उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

ओपन परीक्षा का फार्म भरकर वापस लौट रहे नाबालिग छात्रों को तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से तीनों नाबालिग घायल हो गए जिन्हे उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। घायलों में से दो किशोरों को प्रारंभिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था जहां एक नाबालिग की उपचार से पहले ही मौत हो गई। इस घटना के बाद पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम किया है। वहीं घटना के बाद घर का इकलौता चिराग बुझने से परिजन सदमें में है।

बताया जा रहा है कि लंगड़ासांड निवासी 17 वर्षीय सुशांत मिंज आ. अमीन मिंज अपने साथी मुलाजिम पारा निवासी 17 वर्षीय आनंद पैकरा आ. लक्ष्मण पैकरा व उरांवपारा निवासी 17 वर्षीय सचिन लकड़ा आ. हिर्मोन लकड़ा के साथ कक्षा 10 के लिए ओपन परीक्षा का फार्म भरने के लिए केटीएम बाइक क्रमांक सीजी 15 डीवाई 5048 से सीतापुर आए हुए थे। फार्म भरने के बाद तीनों नाबालिग दोस्त घूमने फिरने लग गए और देर रात लगभग 11 बजे घर वापस लौट थे थे। इस दौरान तहसील कार्यालय के समीप बाइक सवारों को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। इस घटना में सुशांत मिंज, आनंद पैकरा व सचिन लकड़ा घायल हो गए। घायलों को डायल 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से प्रारंभिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल सुशांत मिंज व आनंद पैकरा को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया था। परिजन घायलों को 108 एम्बुलेंस की सहायता से मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उपचार से पहले ही सुशांत मिंज ने दम तोड़ दिया। इसके साथ ही घटना में घायल दूसरे युवक का उपचार जारी है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरांत आज परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही घटना की जांच जारी है। मृतक युवक सुशांत मिंज परिवार इकलौता पुत्र था ऐसे में उसकी मौत के बाद परिजन सदमे में है।

- परीक्षा फार्म भरने आए थे नाबालिग छात्र, देर रात लौट रहे थे वापस



घायलों के साथ परिजन।





# बैंक में जमा करने के बाद भी खाते में नहीं आई राशि, ग्राहकों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

भैयाथान स्थित सेंट्रल बैंक में उपभोक्ताओं एक पैसे गबन करने का मामला सामने आया है। उपभोक्ताओं ने बैंक में समय समय पर अपनी गाढ़ी कमाई जमा की लेकिन रुपए उनके खाते में नहीं चढ़े। अब इस मामले का खुलासा होने के बाद हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों ने बैंक के कर्मचारी पर गबन का आरोप लगाया है। आज घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में खाताधारक बैंक पहुंचे थे और उन्होंने जमकर हंगामा मचाया। हालांकि इस मामले में बैंक प्रबंधन द्वारा लोगों की शिकायत ली गई है और जांच की बात कही जा रही है। इस पूरे प्रकरण में 40 लाख रुपए से अधिक के गबन की बात सामने आई है लेकिन इस राशि के बढ़ने की संभावना भी जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि भैयाथान में सेन्ट्रल बैंक की शाखा संचालित है। आज बैंक में पहुंचे मुकेश पटेल व अन्य ग्रामीणों का कहना था कि उन्होंने समय समय पर बैंक में अपने रुपयों को जमा किया गया था लेकिन अब उन्हें ⏭ शेष पेज 4 पर

- सेन्ट्रल बैंक का मामला, 40 लाख से अधिक की धोखाधड़ी, बैंककर्मी पर आरोप

#### चल रही है जांच

ग्राहकों ने खाते में राशि जमा नहीं होने की शिकायत की है। सभी से आवेदन लिया जा रहा है और जांच चल रही है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

-राजीव रंजन, प्रबंधक सेन्ट्रल बैंक

# किसानों से सस्ते में धान लेकर समितियों में खपाने का प्रयास कर रहे कोचिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

धान खरीदी के सीजन में बिचौलिए व कोचियों की सक्रियता बढ़ गई है। बिचौलिए लगातार बाहरी व दूसरों का धान समितियों में खपाने का प्रयास कर रहे है। हालांकि अवैध धान की खपत पर लगाम लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा भी बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जा रही है। इस बीच ग्रामीण क्षेत्रों में बिचौलियों का एक और खेल सामने आया है जिसके वे भोले भाले किसानों से धान खरीदकर उन्हें अपने खातों से समितियों में खपाने का प्रयास कर रहे है। ऐसे ही दो मामलों में आज राजस्व विभाग की टीम ने दुकानों में छापामार कार्रवाई कर 1000 बोरी अवैध धान जब्त किया है। फिलहाल प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है। बता दें कि प्रदेश के साथ ही जिलों में भी धान खरीदी का कार्य जारी है। वर्तमान में धान खरीदी के कार्य में तेजी आई है और बड़ी संख्या में किसान अपना धान लेकर समितियों में पहुंच रहे है। इस बीच कोचिए और बिचौलिए भी अपना धान खपाने की फिराक में नए पैतरे अपना रहे है। धान खरीदी के दौरान अवैध धान की खपत को रोकने के लिए कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया है। टीम निरंतर रूप से धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर रही है। इसी बीच आज राजस्व टीम को सूचना मिली थी कि दरिमा क्षेत्र में भारी मात्रा में अवैध धान रखा गया है। सूचना मिलने के बाद एसडीएम फागेश सिन्हा के नेतृत्व में खाद्य विभाग, मंडी विभाग व कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा छापामार कार्रवाई की गई। ग्राम आमादरहा निवासी दूकानदार राम रूप के किराना दुकान में जांच के दौरान टीम ने 350 बोरी अवैध धान जब्त किया है इसके साथ ही टीम द्वारा आमादरहा निवासी कवलसाय रजवार के दुकान सह गोदाम में जांच की गई। जांच के दौरान गोदाम से 650 बोरी अवैध धान जब्त किया गया। जांच के दौरान दोनों ही व्यवसायी धान से संबंधित कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाए और ना ही उनके पास धान खरीद बिक्री का कोई लाइसेंस मौजूद था। व्यवसायियों द्वारा धान खरीदी व भण्डारण के लिए मंडी से कोई अनुज्ञा नहीं ली गई थी। ऐसे में टीम द्वारा दोनों दुकानों से 1000 बोरी धान को जब्त कर लिया गया है। वहीं उदयपुर विकासखंड के के धान खरीदी केंद्र केदमा में भी टीम ने ग्राम कुमडेवा निवासी करम सिंह कस 30 क्विंटल धान आरआई पटवारी द्वारा जब्त किया गया है। बताया जा रहा है कि आमादरहा में व्यवसायियों द्वारा किसानों से सस्ते दर पर धान की खरीदी की गई थी और उक्त धान को समितियों में बेचकर मोटी रकम कमाने की योजना थी।

- प्रशासन ने दो व्यवसायियों की दुकानों से जब्त किया 1 हजार बोरी धान, दरिमा में की गई कार्रवाई



कार्रवाई के दौरान जब्त धान।

#### दो पिकअप से झारखंड का धान जब्त

रामानुजगंज। जिले में अवैध धान के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। इस बार रामचंद्रपुर क्षेत्र में प्रशासनिक टीम ने दो पिकअप से 115 बोरी अवैध धान जब्त किया है। धान को झारखंड से लाकर समितियों में खपाने की योजना थी। बता दें कि धान खरीदी के दौरान अवैध धान की खपत को रोकने के लिए कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने निगरानी दलों, नोडल तथा राजस्व की टीम गठित कर सख्त निर्देश दिये हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री एक्का के निर्देशानुसार एसडीएम रामानुजगंज के मार्गदर्शन में तहसीलदार रामचन्द्रपुर के द्वारा दो पिकअप अवैध धान जब्त किया गया है। तहसीलदार ने बताया कि रात्री एक बजे झारखंड से आ रही दो पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 64 बीटी 2361 एवं व एक अन्य पिकअप की जांच की गई। जांच के दौरान पिकअप में धान लोड पाया गया। जब टीम ने चालकों से धान से संबंधित दस्तावेज मांगे तो वे कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। ऐसे में टीम द्वारा अवैध रूप से लाए जा रहे कुल 115 बोरी अवैध धान जब्त किया गया है।



### शाम होते ही मचा रहे उत्पात, लोगों की बढ़ी परेशानी, कार्रवाई का भी नहीं हो रहा असर

# शहर में पटाखे की आवाज वाली बुलेट व बाइकर्स से नहीं मिल रही निजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में बाइकर्स गैंग का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। तेज रफ्तार बाइकर्स के साथ ही पटाखे जैसी आवाज वाले बुलेट लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन गए है। बाइकर्स के उत्पात पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई का भी कोई असर नहीं हो रहा है। पुलिस की कार्रवाई और समझाइश के बाद भी बाइकर्स तेज आवाज वाले बुलेट वाहन चलाने और मोहल्ले गलियों में उत्पात मचाने से बाज नहीं आ रहे है। बता दें कि शहर में बाइकर्स गैंग का उत्पात चरम पर है। युवा शाम होते ही एक साथ छह से सात बुलेट, बाइक से शहर में निकलते है और हंगामा मचाते है। बाइकर्स गैंग के उत्पाती युवा विशेष रूप से उत्पात मचाने के लिए बुलेट बाइक का उपयोग कर रहे है। बाइकर्स अपने बुलेट में गोली चलने की आवाज निकालकर लोगों को परेशान करने का काम कर रहे है। बुलेट चालक शहर के मुख्य मार्गों, भीड़ भाड़ वाले इलाकों के साथ ही खास तौर पर गली मोहल्लों में उत्पात मचाते है। तेजी से बाइक चलाते हुए बाइकर्स अपनी बुलेट से गोली चलने जैसी आवाज निकालकर लोगों को मानसिक रूप से परेशान करने का काम कर रहे है। ऐसा नहीं है कि शहर में पुलिस द्वारा बुलेट बाइकर्स पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। समय समय पर पुलिस द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है और बाइक के साइलेंसर बदले जाते है लेकिन इसके बाद पुनः बाइकर्स का उत्पात शुरू हो जाता है। बीती रात भी पुलिस ने टीन बुलेट चालकों पर कार्रवाई की गई है लेकिन इसके बाद आज भी बुलेट सवार युवकों का उत्पात जारी है। इस संबंध में एएसपी पुपलेश कुमार ने बताया कि बुलेट चालकों पर कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को भी तीन बुलेट पर कार्रवाई की गई है और अब समझाइस व कार्रवाई के बाद भी यदि बुलेट चालक नहीं मानते है तो वाहनों पर चालानी कार्रवाई के साथ ही प्रकरण न्यायालय में पेश किया जाएगा।






पुलिस द्वारा जब्त बुलेट बाइक।


अब एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लॉस्टी की सुविधा अपने लाईफ लाईन हॉस्पिटल अम्बिकापुर में

26 दिसंबर 2023 को छ.ग. के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. भरत अग्रवाल



डॉ. भरत अग्रवाल
DNB Med., DNB Cardio Consultant
Interventional Cardiologist
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ

स्थानः- लाईफ लाईन हॉस्पिटल, गवर्नमेंट पॉलिटेक्नीक कॉलेज के पास, रिंग रोड, अम्बिकापुर

समयः- सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक

( समस्त हृदय रोगो के इलाज की सुविधा उपलब्ध )

एंजियोग्राफी, एंजियोप्लॉस्टी एवं पेसमेकर

ईको सुविधा उपलब्ध

पूर्व रजिस्ट्रेशन संपर्कः- 7354882583 / 9755534404

CSEB,CISF,CRPF,CGHS,ESIC एवं आयुष्मान भारत से मान्यता प्राप्त




एस. एम.सी. सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल

वी.आई.पी. इस्टेट, अशोका रतन के पास, बी.एस.एन.एल. ऑफिस के सामने रायपुर छ.ग. फोन नं. 8839800123

## खबर संक्षेप

### एनपीएस या ओपीएस विकल्प फार्म पोर्टल में अपलोड करने निर्देश जारी

**अम्बिकापुर।** जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि ऐसे प्रकरण जिनमें ओपीएस या एनपीएस चयन हेतु निर्धारित समय सीमा में विकल्प प्रस्तुत कर दिया गया है, किन्तु कार्मिक संपदा पोर्टल में अपलोड नहीं किया गया है, एवं ऐसे प्रकरण जिसमें एन.पी.एस.शासकीय सेवक जो विकल्प प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 8 मई तक सेवानिवृत्त या मृत हो चुके है एवं जो विकल्प प्रस्तुत नहीं कर सके है। उक्त समस्त प्रकरणों में ओपीएस विकल्प स्वीकार कर अपलोड करने हेतु जिला कोषालय अधिकारी को अधिकृत किया गया है। इस संबंध में कार्यवाही किए जाने की मार्गदर्शिका पोर्टल में उपलब्ध है एवं अन्य किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कोषालय से संपर्क कर सकते है।

### मंदिर के समीप से मीट, मछली व ठेला को हटाने की मांग

**उदयपुर।** एनएच 130 स्थित शिव मंदिर प्रांगण के आसपास संचालित मीट, मछली व ठेला को हटाने की मांग को लेकर मंदिर समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि एनएच 130 स्थित शिव मंदिर के आसपास मीट, मछली के दुकान व ठेला संचालित है। ऐसे में मंदिर में पूजा-अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं पास ही स्कूल है जहां से बड़ी संख्या में विद्यार्थी उसी मार्ग से आवागमन करते है। सड़क किनारे मीट, मछली की दुकान व ठेला होने के कारण हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। पूर्व में भी व्यापारी संघ द्वारा मीट, मछली की दुकान व ठेला को अन्यत्र स्थापित करने की मांग की गई थी परंतु आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो सकी। शिव मंदिर के पास संचालित मीट, मछली दुकान व ठेला को साप्ताहिक हाट बाजार के समीप उचित स्थान सुनिश्चित कर व्यवस्था बनाए जाने की मांग की है। इस दौरान रामप्रसाद गुप्ता, विजय अग्रवाल, दीपक सिंघल, श्याम दीवाने के अध्यक्ष मनीष बंसल, सावन अग्रवाल उपस्थित थे।

### पुलिस ने दो लोगों से जब्त किया 16 लीटर शराब

**अम्बिकापुर।** बीती रात क्षेत्र में गश्त कर रहे गांधीनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि थाने के पीछे स्थित बस्ती निवासी सोनवानी पति अमृत सोनवानी (35 वर्ष) बड़ी मात्रा में महुआ शराब बनाकर बिक्री कर रही है। सूचना पर पुलिस ने महिला के घर दबिश देकर उसके पास से 9 लीटर महुआ शराब जब्त किया। इसी प्रकार पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सत्तीपारा निवासी जयवेन्द्र पावले आ. शैलेन्द्र पावले (23 वर्ष) के मनेन्द्रगढ़ रोड राइस मिल के समीप गुमटी में दबिश देकर उसके पास से 7 लीटर महुआ शराब जब्त किया।

## निधन

### श्रीनाथ सिंह

**सोनगरा।** बोझ ग्राम के सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक श्रीनाथ सिंह का 95 वर्ष की आयु में बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गरफुली नदी स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे चार पुत्र विजय सिंह, रामप्रताप सिंह, राम बिहारी सिंह, रमेश सिंह सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए है।



**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला सरगुजा**
रा.प्र.क्र./....../अ-20(3)/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक रघुनाथ मुखर्जी आ. सुभाष चन्द्र मुखर्जी जाति ब्राम्हण निवासी बाबूपारा शीतला वार्ड अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व की सदर रोड नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-08 स्थित नजूल प्लाट नम्बर 2755/3 रकबा 0.03½ एकड़ भूमि को बैंक में बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, मेंटनेंस खसरा की छायाप्रति के साथ पेश किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 08/01/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**नजूल अधिकारी**
**अम्बिकापुर**

## पानी टंकी निर्माण से लेकर पाइप लाइन विस्तार में बरती जा रही लापरवाही

# जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे निर्माण कार्य में भारी गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैयाथान

**खास बात**
- अधिकारियों की उदासीनता रवैया से ग्रामीणों में आक्रोश

ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके इसके लिए केन्द्र सरकारी की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी से लेकर पाइप लाइन विस्तार निर्माण कार्य कराए जा रहे है। कई पंचायतों में निर्माण कार्य अंतिम चरण पर है तो कहीं अब भी निर्माणाधीन है। इसी तारतम्य में विकासखंड भैयाथान क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य चल रहे है। हैरानी की बात यह है कि निर्माण कार्य में न सिर्फ लापरवाही बरती जा रही है बल्कि गुणवत्ता पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में क्षेत्र में गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य कराने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

केन्द्र सरकार की योजना के मुताबिक विकासखंड भैयाथान में जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण लगभग सभी पंचायतों में कराए जा रहे हैं परंतु निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार द्वारा राशि बचाने के चक्कर में नाबालिकों से काम कराया जा रहा है। ऐसे में निर्माण कार्य में न तो मानक अनुरूप कार्य हो रहे है और न ही कार्य जिस गति से होना चाहिए उस तरह की प्रगति में नहीं है। ठेकेदार द्वारा सुस्त रवैया और धीमी गति से हो रहे निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

विकासखण्ड में बन रहे पानी टंकी निर्माण में विभागीय उदासीनता के कारण ठेकेदार के हौसले बुलंद है। पानी टंकी निर्माण में प्लेटफार्म के ढलाई से लेकर पूरे टंकी निर्माण में ठेकेदार द्वारा इस योजना को मिट्टी पलित करने में लग गए हैं। ऐसे में सरकार के मंशा अनुरूप कार्य कैसे होगा इस पर भी सवाल उठने लगे है। ग्राम पंचायतों में पानी टंकी से लेकर पाइप लाइन विस्तार शुरू होने पर ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिलने की आस जगी थी परंतु जिस तरह से निर्माण कार्य कराए जा रहे है उससे अब ग्रामीणों की आस निराशा में बदल गई है।



निर्माणाधीन टंकी।



सड़क के बीच बिछाए गए पाइप।

### सड़क के बीचों बीच खोदकर डाला गया पाइप

ग्राम पंचायत करकोटी के ग्राम कोइलारी में ठेकेदार द्वारा क्रांक्रीट सड़क के बीचोबीच खोदकर पाइप लाइन का कार्य करा दिया गया। ऐसे में सड़क उखड जाने से अब सड़क उबड़ खाबड़ एवं गड्ढो में तब्दील हो गया। घर के सामने धूल व आने जाने में दिक्कत न हो इसे लेकर अब ग्रामीण अपने दरवाजे के आसपास को समतल करने में लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एक दो दिन के भीतर ठेकेदार द्वारा सड़क ठीक नहीं कराया गया तो इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से करने को विवश होंगे।

### नाबालिग मजदूर के साथ हो चुका है हादसा

पानी टंकी निर्माण के दौरान काम कर रहे एक नाबालिग के साथ कुछ दिन पहले ही हादसा भी हो चुका है। 17 वर्षीय किशोर पानी टंकी निर्माण में काम कर रहा था। इसी दौरान टंकी निर्माण में लगे पुराने बत्ता के अचानक टूटने से लगभग 30 फीट ऊपर से नाबालिग नीचे पुराने प्लाई के भरोसे जमीन में गिर गया। गनीमत था कि नाबालिग को गंभीर चोट नहीं आई परंतु जिस ऊंचाई से नीचे गिरा उससे बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। हालांकि नाबालिग के नीचे गिरने के बाद आनन फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत सामान्य बताई।

### की जाएगी कार्रवाई

ठेकेदार को सड़क ठीक करने को कहा गया था अभी तक ठीक नही हुआ है तो मैं तत्काल दिखवाता हूं। नाबालिग से मजदूरी कार्य कराना गलत है अगर ऐसा पाया जाएगा तो ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-एसबी सिंह
मुख्य कार्यपालन अभियंता



## प्रभार ग्रहण करने के उपरांत बीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनपुर/रजपुरीकला

सत्ता परिवर्तन होने के साथ ही जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी एक्शन मोड़ में आ गए हैं तथा लगातार छात्रावास, स्कूलों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। खण्ड शिक्षा अधिकारी के पद प्रभार ग्रहण करने के उपरांत खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राय ने विकासखण्ड अंतर्गत प्राथमिक और माध्यामिक शाला अमेरा, प्राथमिक शाला तिंधरीपारा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान माध्यामिक शाला अमेरा में विद्यार्थियों की उपस्थिति कम होने पर उपस्थित बढ़ाने, कक्षाओं में सामग्री को व्यवस्थित रखने, मध्यान्ह भोजन स्वाद पंजी का संधारण करने तथा मेनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन संचालित करने के निर्देश दिए। प्राथमिक पाठशाला अमेरा एवं प्राथमिक शला तीनधरीपारा में बच्चों का शैक्षणिक स्तर, संतोषजनक पाए जाने पर उन्होंने शिक्षकों को अच्छे से शैक्षणिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया एवं शिक्षकों को समय पर पाठयक्रम की तैयारी कर विद्यालय आने हेतु निर्देशित किया।



## ग्राम पंचायत नकना में मितानिनों को किया गया सम्मानित

**रामानुजनगर।** जनपद पंचायत रामानुजनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत नकना के पंचायत भवन में ग्राम सभा के दौरान मितानिनों का सम्मान किया गया। ग्राम पंचायत के सरपंच सुंदरलाल कहा कि कम संसाधनों में यदि अच्छी काम करने वाली अगर कोई है तो स्वास्थ्य विभाग के मितानिन बहन है। सरकारी कर्मचारियों के मुताबिक न हो करके भी कम संसाधनों से गांव के प्रत्येक घरों में जिनका जनसंपर्क एवं घर-घर जाकर के जानकारी एकत्रित करना एवं सलाह देते है। उनका सम्मान करना हम लोगों का कर्तव्य है। प्रतिवर्ष मितानिन बहनों का सम्मान किया जाता है। इस दौरान सचिव शत्रुधन, ग्राम सभा अध्यक्ष जगसाय पंडो,वार्ड पंच राजू राजवाड़े, रामजीत साहू, बलराम सिंह, बलराम राजवाड़े, बुधराम, रामनारायण साहू, लक्ष्मण राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हितग्राहियों को मिले मुआवजा और रेल लाइन का विस्तार

**चिरमिरी।** मनेन्द्रगढ़ विधानसभा के विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने विधानसभा सत्र के दौरान चिरमिरी नागपुर हाल्ट रेलवे लाइन निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण एवं राज्यांश की राशि 120 करोड़ 50 लाख रुपए जारी करने पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री ने परियोजना को बारीकी से समझा,जल्द प्रारंभ हो सकता है भूमि अधिग्रहण और आगामी बजट में जारी हो सक्ति है राज्यांश की राशि। विधायक श्री जायसवाल ने 3 दिवसीय विधानसभा सत्र में प्रथम दिवस शपथ के उपरांत दूसरे दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने चिरमिरी मनेन्द्रगढ़ सहित ग्रामीण क्षेत्र खड़गवां के लाखों लोगों की बहुप्रतीक्षित मांग चिरमिरी-नागपुर हाल्ट रेल लाइन निर्माण को लेकर मांग पत्र सौंपा।

**सूचना**

**हॉली क्रास अस्पताल पुराने रोगी मेडिकल रिकार्ड का निपटान करने जा रहे हैं। निपटाए जाने वाले मेडिकल रिकार्ड निम्नलिखित वर्षों के दौरान हॉली क्रास अस्पताल में इलाज किए गए मरीज के हैं-**
- 2009 से अगस्त 2016 तक कि सभी भर्ती मरीज फाइलें ।
- 01.04.2008 से 15.09.2018 तक आर.एस.बी. वाई. योजना के तहत उपचारित रोगी फाइलें ।
- 2012 अगस्त 2016 बाह्य रोगी फाइलें ।

उपरोक्त मेडिकल रिकार्ड का निपटान दिनांक 20.01.2024 को किया जाएगा। जिनको अपने पुराने मेडिकल रिकार्ड कि आवश्यकता है वे कृप्या दिनांक 20.12.2023 से 20.01. 2024 के बीच आकर अपना मेडिकल रिकार्ड ले सकते हैं।
ध्यान दें : कृप्या इलाज से संबंधित प्रमाण ले कर आएं।

## पैकरा ने किया नल-जल योजना का भूमिपूजन

**कुसमी।** विकासखंड कुसमी के ग्राम पंचायत जमीरा में प्रधानमंत्री नल जल योजना अंतर्गत लगभग 3 करोड़ 86 लाख रुपए की लागत से नल जल योजना का शिलान्यास पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव सिद्धनाथ पैकरा द्वारा किया गया।

जमीरा ग्राम पंचायत के सभी पारा में बोर कनेक्शन और प्रत्येक घर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा विस्तृत रूप से ग्रामीणों को नल जल योजना के बारे में बताया गया। साथ ही पूर्व सामरी विधायक एवं संसदीय सचिव सिद्धनाथ पैकरा सहित पूर्व जनपद उपाध्यक्ष जन्मजय सिंह सहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए बताया गया कि आने वाले समय में सभी प्रकार से क्षेत्र में विकास होंगे। आज नल जल मिशन योजना के तहत सभी घर में पीने का स्वच्छ जल पहुंचाने के उद्देश्य से शिलान्यास किया गया है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने मूलभूत सुविधाओं के तहत अस्पताल कर्मचारी एवं अन्य प्रकार से समस्याओं से पूर्व विधायक को अवगत कराया। जिस पर पूर्व विधायक ने समस्याओं को निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान उमेश्वर ओझा, विनोद गुप्ता, अशोक अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कुसमी के अनुविभागीय अधिकारी केरकेट्टा, राकेश भारती, राजेश अग्रवाल, द्वारिका गुप्ता, रमेश गुप्ता, मो. शमीम , वली बेचन गुप्ता, रामानंद यादव, अर्जुन यादव, विकेश साहू, मुकेश कश्यप, नंदू कश्यप, विनय यादव, अजय प्रताप सिंह, नवीन सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



भूमिपूजन करते पूर्व संसदीय सचिव।

**गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज**
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनोरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

**TOP IN SURGUJA**
गायत्री हॉस्पिटल
मेडिसिन विभाग, नेत्र रोग विभाग, दंत रोग विभाग, स्त्री रोग, चर्म रोग विभाग, सर्जरी विभाग, शिशु रोग, हड्डी रोग
आईसीयू एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
गायत्री हॉस्पिटल CREATING HEALTHY TOMORROW A MULTISPECIALITY HOSPITAL
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में - दिनांक - 24 दिसंबर 2023, रविवार
डॉ. गौरव त्रिपाठी, डॉ. राहुल अहलूवालिया
पता - बनारस रोड, पी. जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर 9424250281, 8120906000, 8120809000

SRS HOSPITAL न्यूनतम दर उच्चतम सेवा
हमारी उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं
जनरल मेडिसिन, सर्जरी रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग, एवं बाल हृदय रोग सभी प्रकार के सर्जरी की सुविधा, आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है
24X7 आपातकालीन सुविधा, क्रिटिकल केयर एवं ट्रामा केयर
एडवांस आई. सी. यू. यूनिट, निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा
24X7 फार्मेसी एवं डायग्नोस्टिक सेवाएं उपलब्ध
More information call us +91 96176 05000, +91 70499 85558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के पास अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ. ग.)

अमृत काढ़ा काजमी - यह दवा मात्र तीन खुराक के सेवन से 8 प्रकार के बुखारों को 100 प्रतिशत ठीक करती है।
विजरा माल्ट - यह दवा पुरुष बांझपन एवं नपुंसकता का विश्व का सबसे उत्तम दवा है। पैथोलैब टेस्ट में एक भी शुक्र कीट मिलने पर 100 प्रतिशत ईलाज।
विजरा पावर - यह दवा पहले दिन पहले खुराक से ही सेक्स की कमजोरी को दूर कर शीघ्रता एवं शीघ्रपतन को समाप्त कर सम्पूर्ण आनंद की अनुभूति करायेगा
निर्माता:- चिराग हर्बल- घड़ी चौक, अम्बिकापुर, वैद्य जी मो. 9826461355

सरगुजा मार्केट

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में लेज़र मशीन द्वारा
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल

डॉ. अनिल कुमार यादव
एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
सलाहकार अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर (छ.ग.)
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
डॉ. आर. के. साहू
MBBS, MD (MEDICINE) DM (NEPHROLOGY) GOLD MEDALIST
किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ
दिनांक-24 दिसंबर 2023, रविवार समय- सुबह 10 से 04 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो. 9713667433, 9617247433

मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 19 जनवरी 2024 दिन-शुक्रवार डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Ursurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

पथरी मतलब लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Mo. No. 07774-22500, 6269814276, 9542344694, 9434062770

पुरुष/गुप्त रोग
मिलकर जीवन को सफल बनायें समस्या आपका समाधान हमारा
100% इंस्टेंट ईलाज
डॉ. एस. कुमार 7908772802
माँ शारदा आयुर्वेदिक क्लीनिक

हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कॉर्डियोलॉजिस्ट)
डॉ. रोशन लाल वर्मा
MD (T.B. & RESPIRATORY DISEASES)
दिनांक-24 दिसंबर 2023, रविवार समय- सुबह 10 से 04 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो. 9713667433, 9617247433

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसिन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
रायपुर मो. 9406004581
बिलासपुर मो. 7869048192
जड़ से इलाज




# ‘हनुमान’ का रोंगटे खड़े कर देने वाला ट्रेलर आउट

**मुंबई।** तेजा सज्जा स्टारर तेलुगु सिनेमा की सुपरहीरो फिल्म ‘हनुमान’ का टीजर रिलीज होने के बाद से ही फैंस इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं अब मेकर्स ने फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ाते हुए इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज कर दिया है। ट्रेलर बेहद दमदार है और इसे देखकर यकीन मानिए रोंगटे खड़े हो जाएंगे। इसमें पौराणिक कथाओं और कल्पना का मिश्रण दिखाया गया है। ट्रेलर की शुरुआत में तेजा सज्जा समुद्र की अथाह गहराइयों में नजर आते हैं। इसके बाद भगवान हनुमान का वर्णन करते हुए बैकग्राउंड साउंड आती है।

लाइफ Style

# कृति

## शूटिंग पूरी होने पर मनाया जश्न

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कृति सेनन ने अपनी प्रोड्यूस की हुई फिल्म ‘दो पत्ती’ की शूटिंग पूरी कर ली है। ‘दो पत्ती’ का रैप-अप हो चुका है। कृति ने जश्न मानते हुए इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की है। एक्ट्रेस ने वीडियो और फोटोज शेयर की है।

कृति इस फिल्म को लेकर पिछले काफी समय से सुर्खियों में हैं। ‘आदिपुरुष’ एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर वीडियो और फोटोज शेयर की है, जिसमें काजोल, कनिका ढिल्लों, कृति सेनन और फिल्म डायरेक्टर शशांक चतुर्वेदी नजर आ रहे हैं और कैप्शन में लिखा, और यह एक रैप-अप है! दो पत्ती की रोमांचक यात्रा समाप्त हो गई है, 2024 में, केवल नेटफ्लिक्स पर। बता दें, कृति सेनन को फिल्मी पर्दे पर 9 साल का वक्त बीत चुका है। एक्ट्रेस पर्दे पर हीरोइन के तौर में काम किया है और अब प्रोड्यूसर के तौर पर भी अपना करियर शुरू करने जा रही है। फिल्म ‘दो पत्ती’ की कृति सेनन प्रोड्यूसर है। ये फिल्म कृति ने अपने प्रोडक्शन हाउस ब्लू बटरफ्लाई में बनी है। एक्ट्रेस ने वीडियो शेयर कर लिखा, हर फिल्म में मेरे दिल का टुकड़ा होता है, लेकिन कुछ में मेरी आत्मा भी होती है। दो पत्ती में मेरा दिल, आत्मा, दिमाग, प्यार, आंसू, सपने और बहुत कुछ है एक निर्माता के रूप में मेरी पहली फिल्म और मैं ‘ हमने इस रचनात्मक यात्रा का भरपूर आनंद लिया। यह जानकर मेरा दिल बैठ गया कि यह यात्रा समाप्त हो गई है, मैं खूबसूरत यादों और उससे भी ज्यादा खूबसूरत लोगों के लिए आभारी हूं, जिन्होंने इसे इतना खास बना दिया।



हॉलीवुड मसाला



# फुटबॉल मैच देखने निकलीं किम

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस किम कार्दशियन को अक्सर अपनी बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करते देखा गया। हाल ही में किम को अपनी पांच साल की बेटी शिकागो और आठ साल के बेटे सेंट के साथ लॉस एंजेलिस में स्पॉट किया गया। किम बच्चों के साथ बास्केटबॉल गेम्स के लिए जा रही थीं। लुक की बात करें तो किम रेड फलालैन शर्ट और कार्गो पैंट में स्टाइलिश दिखीं। ओपन हेयर्स और ब्लैक शेड्स किम के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं।



# दोस्त संग डिनर डेट पर स्पॉट हुईं केंडल

**लॉस एंजेलिस।** केंडल जेनर हॉलीवुड इंडस्ट्री की बोल्ड एंड ग्लैमरस एक्ट्रेसेस में से एक हैं। वह अक्सर अपने लुक्स को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा में रहती हैं। केंडल को बीती रात दोस्तों के साथ कोलोराडो में डिनर के लिए स्पॉट किया गया, जहां वह अपने लुक से सबको खूब इंप्रेस करती नजर आईं। अब एक्ट्रेस की ये तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करेंतो इस दौरान केंडल चॉकलेट ब्राउन और ब्लैक बेल्ट वाला फर कोट पहने नजर आईं। इस लुक को उन्होंने ब्लैक ट्रांसपेरेंट स्टॉकिंग्स और ब्लैक बेली से कंप्लीट किया है। ओवरऑल लुक में एक्ट्रेस का स्टाइल देखते ही बन रहा है।



# इंटरनेशनल फिल्म में डेब्यू करेंगी नेहा

**मुंबई।** एक्ट्रेस नेहा धूपिया मिस्त्र के पॉपुलर फिल्म मेकर अली एल अरबी द्वारा निर्देशित ‘ब्लू 52’ से इंटरनेशनल मूवी में डेब्यू करने जा रही है इंटरनेशनल डेब्यू के बारे में बात करते हुए, नेहा ने कहा, ब्लू 52 की जर्नी शुरू करना किसी जादू से कम नहीं है। इस इंटरनेशनल वेंचर में अलग-अलग कल्चर के फ्यूजन ने मुझे एक ऐसे करेक्टर में गहराई से उतरने की अनुमति दी, जो चैलेंजिंग और इमोशनल है।

एक्ट्रेस ने कहा, मेरा मानना है कि यह ट्रांसफॉर्मेटिव एक्सपीरियंस है, जो स्थायी प्रभाव छोड़ेगा और मुझे खुशी है कि अली ने मुझे अपनी पहली इंटरनेशनल फिल्म में लीड रोल निभाने के लिए चुना। निर्देशक अली एल. अरबी ने कहा, ब्लू 52 का निर्माण मिस्त्र, अमेरिका और भारत की सिनेमाई भाषाओं को मिलाकर किया जा रहा है।



# दिलजीत का ‘बंदा’ गाना रिलीज...

**मुंबई।** फिल्म डंकी के निर्माताओं ने नया गाना बंदा है, पेश किया है। ‘बंदा’ नाम का ये गाना एक जोशीला ट्रैक है, जो फैंस और ऑडियंस को फिल्म में शाहरुख खान के किरदार हार्डी से रूबरू कराता है। इस गाने को दिलजीत दोसांझ ने गाया है जबकि गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं और संगीत प्रीतम ने दिया है। शाहरुख खान का इंट्रोडक्शन सॉन्ग निश्चित रूप से प्रशंसकों और दर्शकों के बीच काफी एक्साइटमेंट लेकर आएगा। डंकी में अभिनेता बोमन ईरानी, तापसी पन्नू, विक्की कौशल, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर द्वारा रंगीन किरदार निभाए गए हैं। जीओ स्टूडियोज, रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और राजकुमार हिरानी फिल्म्स की प्रस्तुति, राजकुमार हिरानी और गौरी खान द्वारा निर्मित, अभिजात जोशी, राजकुमार हिरानी और कनिका ढिल्लों द्वारा लिखित, डंकी 22 दिसंबर को रिलीज होने वाली है।

टीवी मसाला

# शादी के बंधन में बधेंगी श्रेनु रचाई दूल्हे के नाम की मेहंदी

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस और डांसर मुक्ति मोहन के बाद अब एक और एक्ट्रेस शादी के बंधन में बंधने जा रही है। हम बात कर रहे हैं टीवी एक्ट्रेस श्रेनु पारिख की। हाल ही में एक्ट्रेस की मेहंदी सेरेमनी हुई है, जिसकी तस्वीरे सोशल मीडिया पर साझा की है। श्रेनु पारिख जल्द अपने ब्वॉयफ्रेंड अक्षय म्हात्रे संग शादी करने जा रही है। शादी से पहले एक्ट्रेस की प्री-वेडिंग फंक्शन की शुरुआत हुई है। अदाकारा की मेहंदी सेरेमनी हुई। इस मौके पर श्रेनु ग्रीन कलर का लहंगा पहना, जिसमें वह बेहद खूबसूरत नजर आ रही है। श्रेनु पारिख और अक्षय म्हात्रे की मुलाकात साल 2021 में ‘घर एक मंदिर’ के सेट पर हुई और फिर दोनों के बीच प्यार हो गया। इस कपल ने अपने रिश्ते को सीक्रेट रखा।



# 2023 में इन फिल्मों को सिनेमाघरों में नहीं मिले दर्शक, लेकिन ओटीटी पर रही टॉप ट्रेंड

*__मुंबई।__ वैसे तो साल 2023 बॉलीवुड के लिहाज से काफी अच्छा रहा। इस साल बॉलीवुड की कई सारी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के साथ हंगामा मचाया। वहीं, कुछ बड़ी फिल्में ऐसी भी रहीं, जिन्हें सिनेमाघरों में तो पसंद नहीं किया गया और फिल्म बुरी तरह फ्लॉप रही। वहीं, जब इन फ्लॉप फिल्मों को ओटीटी पर रिलीज किया गया तो ये टॉप ट्रेंड करने लगी। हम आपको साल 2023 की उन्हीं फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं।*

### किसी का भाई किसी की जान




सलमान खान की यह फिल्म जब सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, तो इसे बिलकुल भी पसंद नहीं किया गया था और बॉक्स ऑफिस पर यह फ्लॉप साबित हुई थी, लेकिन जैसे ही इसे ओटीटी पर लाया गया यह फिल्म ओटीटी पर टॉप ट्रेंड करने लगी थी।

### मिशन रानीगंज- द ग्रेट भारत रेस्क्यू




अक्षय कुमार की इस फिल्म को सिनेमाघरों में अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिला था और रिलीज के साथ ही यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी, लेकिन ओटीटी पर आते ही यह टॉप ट्रेंड करने लगी थी। यह एक आपदा थ्रिलर फिल्म है, जो टीनू सुरेश देसाई द्वारा निर्देशित और पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है।

### गुमराह

यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो वर्धन केतकर द्वारा निर्देशित और टी-सीरीज फिल्म्स और मुराद खेतानी के सिने1 स्टूडियो द्वारा निर्मित है। फिल्म में मृणाल ठाकुर और रोनित रॉय के साथ आदित्य रॉय कपूर दोहरी भूमिका में हैं। यह 2019 की तमिल फिल्म थडम की रीमेक है. यह बॉक्स ऑफिस पर तो फ्लॉप साबित हुई थी, लेकिन ओटीटी पर आते ही यह छा गई थी।

### शहजादा

रोहित धवन द्वारा निर्देशित यह एक कॉमेडी एक्शन फिल्म है, जो सिनेमाघरों में तो कुछ कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन ओटीटी पर रिलीज होते ही टॉप ट्रेंड करने लगी थी। इसमें कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका में हैं, जिन्होंने इस फिल्म के साथ अपने प्रोडक्शन की शुरुआत भी किया। वहीं, कृति सेनन, परेश रावल, मनीषा कोइराला और रोनित रॉय मुख्य भूमिकाओं में थे।

### कुत्ते

यह एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसे आसमान भारद्वाज ने लिखा और निर्देशित किया। फिल्म में तब्बू, अर्जुन कपूर, नसीरुद्दीन शाह, राधिका मदान, कोंकणा सेन शर्मा और कुमुद मिश्रा जैसे कलाकार शामिल हैं। यह फिल्म सिनेमाघरों में तो नहीं चली, लेकिन ओटीटी पर इसे दर्शकों का प्यार हासिल हुआ था।

# पहली बार लीड रोल में नजर आएंगी नोरा

**मुंबई।** एक्ट्रेस नोरा फतेही पहली बार पर्दे पर मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। नोरा फतेही ने कई फिल्मों में काम किया है, लेकिन उन्हें बॉलीवुड में बतौर लीड काम करने का मौका नहीं मिला। हालांकि, अब एक्ट्रेस को बतौर लीड पहली फिल्म मिल गई है। नोरा फिल्म क्रैक में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। नोरा की फिल्म क्रैक की शूटिंग पूरी हो चुकी है।



## डंकी के लिए बुक हुए 70 प्रतिशत मल्टीप्लेक्स




**मुंबई।** शाहरुख खान ‘डंकी’ के साथ बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर की हैट्रिक लगाने की तैयारी कर रहे हैं। फिलहाल रिलीज से पहले ही ‘डंकी’ का क्रेज फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है और इसी के साथ फिल्म की धुंआधार एडवांस बुकिंग भी हो रही है। डंकी की एडवांस बुकिंग के चलते देशभर के 70 फीसदी मल्टीप्लेक्स पहले दिन के लिए हाउसफुल हो गए हैं।

## हैरतअंगेज स्टंट से भरपूर ‘क्रैक’ का टीजर आया सामने



**मुंबई।** रोलर-ब्लेडिंग से लेकर स्काइडाइविंग, स्कीइंग और कार-चेजिंग तक विद्युत जामवाल की लेटेस्ट फिल्म क्रैक-जीतेगा तो जिएगा का टीजर आपके रोंगटे खड़े कर देगा। फिल्म के निर्माताओं ने मंगलवार को टीजर जारी किया, जिसमें फिल्म की पेशकश के बारे में जानकारी दी गई। एक मिनट लंबे टीजर की शुरुआत विद्युत और अर्जुन के स्काइडाइविंग से होती है।

## दीपिका ओटीटी पर फिर दिखाएंगी जलवा



**मुंबई।** दीपिका पादुकोण को लेकर एक बड़ी खबर आ रही है कि एक बार फिर ओटीटी पर नजर आएंगी। यह ओटीटी प्रोजेक्ट ड्रग माफिया कल्चर पर आधारित होने वाला है। इसकी शूटिंग अगले साल शुरू होने की संभावना है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका पादुकोण और नेटफ्लिक्स के बीच ड्रग्स माफिया संस्कृति पर आधारित एक प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही है।

